हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 10 नवंबर 2025



# 7.13 लाख मतदाताओं तक पहुंचेंगे 840 बीएलओ, फार्म भरने पर ही जुड़ेगा नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश के दर्जनभर राज्य में शुरू की गई एसआईआर प्रक्रिया के तहत जिले में भी सभी मतदाताओं की जांच का काम शुरू हो गया है। अगले एक महीने के भीतर जिले के सभी 7.13 लाख मतदाताओं तक पहुंचने का जिम्मा 840 बीएलओ को दिया गया है। इन बीएलओ द्वारा सभी मतदाताओं से एक फार्म भराया जाना है, जो मतदाता यह फार्म जमा नहीं करेगा, उसका नाम प्रारंभिक सूची में नहीं जोड़ा जाएगा। जिले के 50 हजार से अधिक मतदाताओं तक फार्म पहुंचाने का काम भी पूरा कर लिया गया है। वहीं मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 22 वर्ष बाद हो रहे विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर अभियान का सबसे अहम चरण मंगलवार चार नवंबर से शुरू हो चुका है। इसमें बीएलओ घर-घर जाकर दो प्रतियों में गणना प्रपत्र बांटने का काम कर रहे हैं। सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण की पात्रता तिथि एक जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। एसआईआर के तहत गणना प्रपत्रों के जमा होने के बाद उनकी जांच की जाएगी। वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मिलान करने के बाद उन लोगों को नोटिस दिया जाएगा। जिनके रिकार्ड नहीं मिल पाएंगे। नोटिस देने का अभियान 9 दिसंबर से 31 जनवरी तक चलेगा। इस अवधि में संबंधित प्राधिकारी गणना प्रपत्रों पर निर्णय लेकर दावे और आपत्तियों का निस्तारण करेंगे। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन सात फरवरी को किया जाएगा।

## चार दिसंबर तक चलेगा अभियान, हर घर तीन बार दस्तक देंगे बीएलओ स्तर के अधिकारी

### देनी होगी यह जानकारी

गणना प्रपत्र में मतदाता का नाम, एपिक संख्या, भाग संख्या, क्रम संख्या एवं विधानसभा क्षेत्र का नाम पहले से लिखा होगा। गणना प्रपत्र में जन्मतिथि, आधार संख्या, मोबाइल नंबर, माता-पिता का नाम व उनका एपिक नंबर, पति या पत्नी का नाम व एपिक नंबर भरना होगा। गणना प्रपत्र वितरित करने व भरे हुए वापस लेने की समय-सीमा चार दिसंबर है। नौ दिसंबर मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद दावे व आपत्तियां आमंत्रित की जाएगी।



### नए फार्म भी लेंगे

ऐसा नहीं है कि इस दौरान केवल पुराने मतदाताओं की ही जांच की जाएगी। यदि आपने अपना 18 साल पूरा कर लिया है तो आप भी फार्म 6 में जानकारी देकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। वहीं मतदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सुविधा की दृष्टि से जिला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर 1950 भी जारी किया है।

### सभी को फार्म भरना अनिवार्य

मिली जानकारी के अनुसार जिले के सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र में जानकारी देना अनिवार्य रखा गया है। यदि आप 2002-03 में हुए एसआईआर प्रक्रिया में शामिल थे, तो बीएलओ के पास उपलब्ध उस दौरान की मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढकर आपको इस गणना प्रपत्र में अपना एपिक नंबर डालना होगा। वहीं यदि आप उस दौरान बालिग नहीं हुए थे, तो ऐसे में आपको अपने माता-पिता का एपिक नंबर डालना होगा। आप देश के किसी भी स्थान में उस दौरान निवासरत रहे हो, आपको उस स्थान की जानकारी के अनुसार ही एपिक नंबर डालना अनिवार्य रखा गया है।

---

## खैरागढ़ जिले के झूरानदी गांव का मामला, संदिग्धों से हो रही पूछताछ

# घर के पास ही कुएं में मिली मासूम भाई-बहन की लाश, हत्या का शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले से दिल दहला



देने वाला मामला सामने आया है। जिले के झूरानदी गांव में एक ही परिवार के दो नन्हें मासूमों के शव कूएं में मृत पाए गए। दोनों बच्चों के नहीं मिलने के बाद उनके परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई थी, परन्तु कुछ घंटे के भीतर ही उनके शव मिल गए। इधर मौके पर पहुंचे पुलिस अफसरों ने इस मामले में हत्या के एंगल से भी जांच पड़ताल शुरु कर दी है। बताया गया कि संदिग्ध लोगों से पूछताछ का दौर शुरु हो गया है। जल्द ही इसमें बड़ी सफलता भी मिल सकती है।

## सुबह से गायब थे दोनों बच्चे, छुईखदान थाना में दर्ज कराई गई थी गुमशुदगी रिपोर्ट



### सदमे में परिवार, जांच में जुटी पुलिस, पीएम रिपोर्ट का इंतजार

गांव के कुंआ में एक साथ एक ही परिवार के दो बच्चों का शव मिलने के मामले को लेकर पुलिस गंभीरता से इस पूरे मामले की जांच पड़ताल एवं लोगों से पूछताछ में जुट गई है। पुलिस को आशंका है कि बच्चों की हत्या करने के नीयत से उन्हें कुंआ में धकेला गया है। फिलहाल जांच के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवा दिया है। इधर इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। वहीं वर्मा परिवार सदमे में है।

### संदेहास्पद मिला शव

बच्चों की तलाश में संदेह के आधार पर झूरानदी के कुंआ में बच्चों को खोजा गया। बताया गया कि इसके लिए पहले कुंआ के पानी को बाहर निकाला गया। तत्पश्चात गोताखोर कुंआ में उतरे। कुंआ में दो मासूम का शव मिलने से ग्रामीणों के बीच सनसनी एवं शोक की लहर व्याप्त हो गई थी। पुलिस के अनुसार मासूमों का नाम करण वर्मा 4 वर्ष एवं राधिका वर्मा डेढ वर्ष पिता गजानंद वर्मा है।

### पुलिस को परिजनों ने दी सूचना

पुलिस सूत्रों के मुताबिक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झूरानदी में वर्मा परिवार के बच्चे घर के सामने अन्य बच्चों के साथ खेल रहे थे। इस दौरान अचानक दो बच्चे लापता हो गए। बच्चों के परिजनों को जब बच्चे नहीं दिखे तो वे आसपास पतासाजी किए, जब वे नहीं मिले, तब इसकी सूचना पुलिस को दी। दो मासूम बच्चों के लापता होने की सूचना पर पुलिस तत्काल गांव में पहुंचकर जांच पड़ताल एवं लोगों से पूछताछ शुरू की। बताया गया कि मौके पर पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी पहुंचे। मौके पर पहुंचकर टीम ने जांच भी शुरु कर दी है, जल्द इसमें सफलता भी मिलने की संभावना है।

### जांच जारी

जिले के झूरानदी गांव में दो बच्चो के शव कुंए में मिले हैं। उनका पोस्टमार्टम कल सुबह होगा। टीम गठित कर इस मामले में हर एंगल से जांच की जा रही है।

- लक्ष्य शर्मा, एसपी केसीजी जिला

---

# आधी रात पुलिस ने दी संवेदनशील क्षेत्र में दबिश, 40 संदिग्धों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपराधियों पर नियंत्रण एवं असामाजिक तत्वों में नकेल कसने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रहा है। जिसके तहत बीती रात शहर के संवेदनशील इलाकों में पुलिस अधिकारियों सहित जवानों ने दबिश दी। इस दौरान घर में सोते से उठाकर संदिग्ध बदमाशों की जांच पड़ताल की गई।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन पर जिले में अपराधियों पर नियंत्रण, असामाजिक तत्वों की निगरानी तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बीती रात शहर में व्यापक काम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। अभियान में एएसपी राहुल देव शर्मा के नेतृत्व में सीएसपी पुष्पेंद नायक, डीएसपी एंब्रोस कुजूर सहित पांच थाना प्रभारी एवं लगभग 60 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। गश्त का उद्देश्य विजिबल पुलिसिंग के माध्यम से अपराधों की रोकथाम और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना था। राजनांदगांव पुलिस द्वारा इस प्रकार की काम्बिंग गश्त निरंतर जारी रहेगी। जिससे जिले में शांति, कानून व्यवस्था एवं नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## पुलिस की दबिश से मची खलबली



### 5 पर कार्रवाई, दो गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार रात 12 से 3 बजे तक चले इस अभियान के तहत सोते से उठाकर 40 संदिग्ध बदमाश प्रवृति के लोगों की जांच पड़ताल की गई। इस दौरान 7 संदिग्ध व्यक्तियों को राऊंडअप किया गया। वहीं 5 पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई एवं 2 वारंटियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई। इसके अलावा धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले 1 वाहन चालक के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

### इन क्षेत्रों में दी दबिश

जानकारी अनुसार बीती रात पुलिस द्वारा शहर में चलाए गए काम्बिंग गश्त लखोली, अटल आवास, बैगापारा, स्टेशनपारा, 16 खोली, नंदई चौक सहित अन्य संवेदनशील इलाकों में चाकूबाज, गुंडा-बदमाश, निगरानी बदमाश, शराब तस्कर एवं बार-बार अपराध करने वाले व्यक्तियों की सघन जांच की गई। सभी संदिग्धों को शांति बनाए रखने एवं किसी भी आपराधिक गतिविधि से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई।

### अभियान में 60 से अधिक अधिकारी-जवान

शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में आधी रात पुलिस के इस काम्बिंग गश्त से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मची रही। वहीं आम लोगों ने राहत की सांस ली है। अधिकारियों के साथ थाना कोतवाली निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, थाना बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, पुलिस चौकी चिखली उनि. कैलाशचंद मरई, सायबर प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, निरीक्षक आशीर्वाद रहटगांवकर, रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर सहित 60 से अधिक थाना स्टाफ एवं रक्षित केंद्र से अतिरिक्त बल इस काम्बिंग गश्त में सम्मिलित रहे।

---

# दो महीने से लापता युवक का शव कार सहित शिवनाथ नदी में मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पत्नी को ससुराल छोड़ने गया युवक लापता हो गया था। जिसका शव कार सहित शिवनाथ नदी में डूबे हालत में मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार व शव को बाहर निकाला। शव सड़-गल गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुटेरी के पास शिवनाथ नदी में कार सहित एक युवक का शव डूबे हालत में देखा गया। जिससे आसपास के ग्रामीण इलाकों में सनसनी फैल गई थी। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। घटना की सूचना ग्रामीणों से मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार काफी मशक्कत बाद जेसीबी मशीन की सहायता से शिवनाथ नदी के पानी से बाहर निकाला गया।

### पत्नी को ससुराल छोड़कर लौटते वक्त हुआ था लापता

पुलिस के मुताबिक कार में युवक की लाश सड़ी-गली अवस्था में थी। जिसकी शिनाख्ति भरेंगांव निवासी लीलाधर कुंभकार के रूप में की गई है। बताया गया कि मृतक अपनी पत्नी को छोड़ने के लिए ससुराल जेवरा सिरसा गया हुआ था, जहां से जब वह लौट रहा था। इसके बाद अचानक लापता हो गया था, जिस पर मृतक के गुमशुदगी की रिपोर्ट जेवरा सिरसा थाना में पूर्व में कराई गई थी। इधर उक्त स्थल पर युवक का कार सहित शव मिलने पर ग्रामीणों व आसपास के लोगों के बीच सनसनी फैल गई है। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।मामले की जांच की जा रही है।

---

# ग्रामीण स्वास्थ्य समन्वयक भर्ती परीक्षा का आयोजन, 81 प्रतिशत रही उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य समन्वयक महिला-पुरूष भर्ती हेतु परीक्षा का आयोजन किया गया। शहर में परीक्षा के लिए तीन केंद्र बनाए गए थे, जहां लगभग 81 प्रतिशत परीक्षार्थियों की उपस्थिति रही।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य समन्वयकों की भर्ती के लिए व्यापम द्वारा शहर के दिग्विजय और कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय में महिला प्रतिभागियों के लिए और पुरूषों के लिए विज्ञान महाविद्यालय में केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा देकर निकले प्रतिभागियों ने कहा कि प्रश्न अच्छे आए थे, लेकिन हमारी तैयारी में कमी रह गई। परीक्षार्थियों ने बताया कि 100 महिला और 100 पुरूषों के लिए भर्ती निकाली गई थी, इसलिए वह भी परीक्षा में शामिल हुए हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 100 प्रश्न पूछे गए थे। वहीं डोंगरगांव क्षेत्र से पहुंची परीक्षार्थी बृजेश्वरी साहू ने कहा कि प्रश्न ठीक थे, लेकिन कूटनीति ज्यादा थी, इसलिए पढ़ने और समझने में वक्त लग गया।

**668 परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा :** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने बताया कि तीनों सेंटर में 688 परीक्षार्थियों के लिए व्यवस्था की गई थी। जिसमें 543 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। ओवरऑल लगभग 81 प्रतिशत परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं। सुबह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित परीक्षा के लिए दिग्विजय महाविद्यालय में 240 महिला परीक्षार्थियों में से 188 उपस्थित रही और 52 अनुपस्थित रही। कमला कॉलेज में 288 महिला परीक्षार्थियों में से 237 परीक्षार्थी उपस्थिति रही और 51 अनुपस्थिति रही। वहीं विज्ञान महाविद्यालय में 140 पुरूष परीक्षार्थियों में से 118 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 22 अनुपस्थित रहे।

---

# मामूली विवाद पर अधेड़ की हत्या

- हत्या के बाद गांव में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम गभरा में उस समय सनसनी फैल गई, जब आपसी विवाद के चलते हाथ-मुक्का, लात से मारपीट कर युवक ने अधेड़ की हत्या कर दी। सनसनीखेज इस घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे पूछताछ कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गभरा निवासी प्रार्थिया पुनीताबाई धुर्वे पति परसादी धुर्वे 40 साल ने थाना छुईखदान में मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9 नवंबर को ग्राम गभरा का मैहर यादव पिता राजाराम यादव 34 साल द्वारा आपसी विवाद के कारण प्रार्थिया के पति परसादी धुर्वे 45 साल साकिन गभरा को हाथ-मुक्का एवं लात से मारपीट कर हत्या कर दी।



### पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी मैहर यादव के विरूद्ध थाना छुईखदान में धारा 103(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते आरोपी मैहर यादव पिता राजाराम यादव निवासी गभरा की पता तलाश कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो अपना जुर्म करना स्वीकार किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर अग्रिम कार्रवाई करते न्यायालय में पेश किया जाएगा।

---

## उज्ज्वला के नए कनेक्शन देने के लिए जिले को मिला टारगेट

# सब्सिडी में इजाफा का असर, उज्ज्वला की बढ़ी रिफिलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर की रिफिलिंग में बढ़ोतरी हुई है। इसके पीछे मुख्य वजह इस योजना में हितग्राहियों को 300 रुपए की सब्सिडी उनके बैंक खाते में प्राप्त होना है। वर्तमान में एलपीजी घरेलू सिलेंडर का दाम 936.5 रुपए है, जो सामान्य ग्राहकों के मुकाबले उज्जवला योजना के लाभार्थियों को लगभग 300 रुपए कम में मिल रहा है।

वर्तमान की भाजपा सरकार ने अपने चुनावी संकल्प पत्र में 500 में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था, लेकिन लगभग 636 में उज्जवला योजना के हितग्राहियों को सिलेंडर मिल रहा है। जिसकी वजह से अब इसकी रिफिलिंग भी बढ़ी है। वहीं केवाईसी होने के बाद कई लोगों ने अपने सामान्य गैस कनेक्शन सरेंडर किया है और उज्जवला योजना को सुचारू रखा है।



### जिले में पौने दो लाख हितग्राही

जिले में उज्जवाला योजना के लगभग पौने दो लाख हितग्राही है। इनमें ब्लॉकवार आंकड़े अनुसार राजनांदगांव विकास में 96 हजार, डोंगरगांव में 23 हजार, छुरिया में 22 हजार, डोंगरगढ़ में 28 हजार सहित जिलेभर 173380 उज्जवला योजना के हितग्राही हैं।

### व्यावसायिक में उपयोग

होटल, ठेले- खोमचों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग धड़ले से जारी है। इनमें उज्जवला योजना के सिलेंडर भी होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। दो-तीन लोगों के एक छोटे सामान्य परिवार में गैस का सिलेंडर लगभग 2 महीने तक चलता है। ऐसे में लाभार्थी द्वारा अपने कार्ड रिफिलिंग के लिए दूसरों को भी दिया जाता है। इससे लाभार्थी को 300 रुपए सिलेंडर में फायदा भी होता है और दुकानदार को कामर्शियल रेट पर सिलेंडर नहीं लेना पड़ता है।

### 45 प्रतिशत से अधिक बढ़ी रिफिलिंग

कई घरों में पहले से गैस कनेक्शन होने के बाद घर की महिला सदस्य का नाम उज्जवला योजना की सूची में आया और उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया गया। उज्जवला और सामान्य गैस कनेक्शन में सब्सिडी एक बराबर मिलने के चलते उज्जवला योजना के तहत दिए गए गैस सिलेंडरों के लिए रिफिलिंग काफी कम हो रही थी। वहीं अब प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद उज्जवला योजना के हितग्राहियों को गैस सिलेंडर पर 300 की सब्सिडी दी जा रही है। जिसके बाद उज्जवला योजना के सिलेंडरों की रिफिलिंग में लगभग 45 प्रतिशत से अधिक इजाफा हुआ है।

---

# मवेशी तस्करी करने वाले 3 पकड़ाए

## वाहन में क्रूरतापूर्वक भरकर ले जा रहे थे मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वाहन में मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरकर महाराष्ट्र की ओर ले जाने के मामले में पुलिस ने वाहन को पकड़ा। जिसमें दो मवेशी बरामद कर तीन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 7 नवंबर को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक अशोक लीलैंड दोस्त वाहन में कुछ लोगों द्वारा मवेशियों को बिना चारा-पानी के मुंह में रस्सी से बांधकर क्रूरतापूर्वक भरकर परिवहन करते कत्लखाना नागपुर की ओर ले जा रहा है।

पुलिस ने आरापी आत्माराम रहगडाले, सुनील मानकर और शेख अब्दुल को विधिवत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेशानुसार डोंगरगढ़ जेल दाखिल किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया में धारा 4, 6, 10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशुक्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11 एवं एमव्ही एक्ट की धारा 66/192 के तहत कार्रवाई दर्ज किया गया है। उपरोक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी निरीक्षक योगेश पटेल, सहायक उपनिरीक्षक बिरेन्द नाविक, मोह. शरीफुद्दीन शेख, प्रधान आरक्षक हरनलाल जगनीत, आरक्षक कमलेश वंजारे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### वाहन, दो भैंस, तीन फोन जब्त

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में चिचोला पुलिस चौकी स्टाफ मौके पर रवाना होकर ग्राम लालबहादुर नगर पहुंचकर नाकाबंदी कर अशोक लीलैंड (दोस्त) वाहन को नाकाबंदी कर लालबहादुर नगर भाटापारा में पकड़ा। जिसमें चालक, वाहन स्वामी आत्माराम रहगडाले 50 साल खोलगढ़ पोष्ट गटोरी गोदिया महाराष्ट्र तथा सुनील मानकर 30 साल और शेख अब्दुल 33 साल के कब्जे से वाहन की तलाशी लेने पर दो नग भैंस, 3 नग मोबाइल को जब्त किया गया है।

## खबर संक्षेप

### धान खरीदी की तैयारी शुरू नहीं



**चिचोला।** समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी आगामी 15 नवंबर से शुरू होना है किन्तु महराजपुर सोसायटी में अब तक कोई तैयारी नहीं हुई है। समिति के प्रभारी ऑपरेटर, बिक्रेता, लिपिक, सहायक लेखपाल, चपरासी, चौकीदार विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत है जिससे धान खरीदी की तैयारियों पर विराम लगा है। केंद्र में अब तक सफाई भी नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार खरीदी शुरू होने के तीन दिन पहले टोकन तुंहर द्वार प्रारंभ हो जायेगा।वर्तमान हालात को देखकर लग रहा है खरीदी के शुरूवाती दिनों में किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

### मातृगोष्ठी आयोजित



**डोंगरगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गत 8 नवंबर को कक्षा नर्सरी से तृतीय तक के भैया बहिनों की माताओं का मातृगोष्ठी आयोजित किया गया। कक्षा षष्ठ से कक्षा द्वादश तक की बालिका शिक्षा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि आयुष स्पेशलिस्ट वर्षा नागवंशी थी। अध्यक्षता सीता गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. खिलेश थे। स्वागत और शुभारंभ के बाद मुख्य अतिथि श्रीमती नागवंशी ने स्वर्ण प्राशन सेवन से बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा एवं सर्वांगीण विकास पर माताओं को जानकारी दी। बालिका शिक्षा के तहत स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई । श्रीमती गुप्ता ने बारह आयामों के तहत प्रदान की जाने वाली शिक्षण व्यवस्था के बारे में बताया। इस मौके पर खेल स्पर्धा का भी आयोजन हुआ, जिसमें आशा साहू प्रथम, खोमेश्वरी साहू द्वितीय एवं कीर्ति साहू तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेता, अभिभावकों को संस्था की ओर से शांति निर्मलकर एवं पार्वती श्रीवास ने पुरस्कृत किया।

### छात्रों ने कृषि परिस्थितिकी की ली जानकारी



**छुईखदान।** रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र छुईखदान के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम गोपालपुर का उत्तर-दक्षिण एवं पूर्व-पश्चिम दिशा का भ्रमण कर ग्रामीण मूल्यांकन की तकनीक ट्रांसेक्ट वॉक से कृषि परिस्थितिकी की जानकारी प्राप्त की । छात्रों ने गाँव को पूर्व-पश्चिम और उत्तर-दक्षिण दिशा में विभाजित कर भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने मिट्टी के प्रकार, कृषि और बागवानी फसलों, पेड़-पौधे की प्रजातियों, जल संसाधनों, भूमि उपयोग के पैटर्न, कृषि समस्याओं के साथ-साथ अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठाता डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रावे कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार नंदनवार, समन्वयक डॉ. सेवक ढेंगे, डॉ. कन्हैया लाल ठाकुर एवं डॉ. अजीत कुमार पात्रे का योगदान रहा।

## निधन

### गणेश पाण्डेय

**सड़क अतरिया।** ग्राम चकनार निवासी गणेश प्रसाद पाण्डेय (पप्पू) का रविवार की शाम 5 बजे आकस्मिक निधन हो गया।



श्री पाण्डेय काफी हंसमुख एवं मिलनसार व्यक्ति के धनी थे। उनके निधन की खबर से परिवार एवं ग्रामीण शोक में डूब गए। उनकी अंतिम यात्रा कल सोमवार 10 नवंबर को प्रातः निज निवास से मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

## गांव-गांव में गहराया जल संकट, सरकार की योजना का लाभ नहीं

# लाखों खर्च के बाद नलों में नहीं आ रहा पानी, ग्रामीण हो रहे परेशान

## अफसरों की लापरवाही से जल मिशन के कार्य अधूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नल जल योजना प्रमुख आधार है पर कुछ गांव में गंभीर जल समस्या बनी हुई है। अधिकांश गांव में हैंडपम्प, कुआं की उपयोगिता नगण्य हो चुकी है और लोग पानी के लिए नल-जल योजना पर निर्भर है। विभागीय उदासीनता के कारण कुछ गांव के ग्रामीण योजना के लाभ से वंचित हो रहें हैं।

क्षेत्र के मानपुर, बगदूर, चकनार, बेलगांव, पंडरिया सहित अन्य गांव में लाखों की लागत से बनी पानी टंकी केवल शोभा बढ़ा रही है और ग्रामीण पेयजल के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। ग्राम पंचायत जीराटोला के आश्रित ग्राम बगदूर में जल जीवन मिशन के तहत लाखों की लागत से पानी टंकी का निर्माण एवं पाईप लाईन का विस्तार किया जा चुका है। निर्माण पूर्ण हुए लगभग ढाई साल हो गया है पर अब तक घरों में लगे नल में पानी नहीं आया है।

ढाई साल पहले जब योजना के तहत निर्माण शुरू हुआ था तब ग्रामीणों में हर्ष का माहौल था कि अब उनकी पेयजल समस्या दूर हो जाएगी। ग्रामीणों का यह सपना आज भी अधूरा है। लोग लम्बी दूरी तय कर पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। तो कोई पानी खरीद कर प्यास बुझा रहा है। ग्राम जीराटोला में भी पानी टंकी की यही स्थिति है। यहां दो बोर से डायरेक्ट पानी सप्लाई किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जीराटोला बगदूर में पाईप लाईन का विस्तार अधूरा है।



### ढाई साल से पानी का इंतजार

ग्राम पंचायत मानपुर नाका के ग्रामीण भी बीते ढाई साल से इस आश में हैं कि गांव में नल जल योजना शुरू होगा और उनके घर भी पानी आएगा।ग्रामीणों की उम्मीद अब तक अधूरी है। इस गांव में भी लगभग ढाई साल पहले नल जल योजना के माध्यम से सभी घरों में पेय जल उपलब्ध कराने का कार्य शुरू किया गया था जो अब तक अधूरा है। गांव के इंदिरा आवास मोहल्ले के ग्रामीणों ने बताया कि इस मोहल्ले में करीब पचास घर है जिनके पेय एवं निस्तारी जल की कोई व्यवस्था नहीं है। एक हैडपम्प के भरोसे पूरा मोहल्ला जीवन यापन कर रहा है। इसी मोहल्ले में ही जल जीवन मिशन का पानी टंकी बनी है। कुछ घरों तक पाईप लाईन का विस्तार कर नल लगा दिया गया है किन्तु किसी भी घर में पानी नहीं आता है। समस्या को देखते हुए पंचायत ने हैंडपम्प में पम्प लगाया है। जिससे पानी लाने के लिए दो- तीन सौ मीटर का तक का सफर लोगों को करना पड़ रहा है। सुबह और शाम पानी के लिए लंबी कतार लगी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की लम्बाई लगभग आधा किलोमीटर है। जिसके एक छोर में पानी टंकी बनाया है तथा दूसरे छोर में बोर है। इस बोर से कुछ घरों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

### कड़ी कार्रवाई की मांग

चकनार, मानपुर, बेलगांव, पंडरिया, जोम, बगदूर, के ग्रामीण निर्माण में गड़बड़ी एवं योजना का लाभ पहुंचाने में नाकामयाबी पर जिम्मेदार ठेकेदार और अधिकारी पर कार्यवाही की मांग कर रहें। निर्माण कार्य पूर्ण होने के ढाई साल बाद भी इस योजना का सही लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। इस मामले में विभाग और जनप्रतिनिधि से केवल आश्वासन बस ग्रामीणों को मिल रहा है।

### पाईप लाइन का अधूरा विस्तार

ग्राम पंचायत के सरपंच बोधन मेरावी ने बताया कि योजना तहत पानी टंकी का निर्माण और पाईप लाईन का विस्तार कार्य दो साल से अधूरा पड़ा है। गांव के 3 सौ घरों को पेय जल उपलब्ध कराया जाना है। पर निर्माण अधुरा होने से डायरेक्ट बोर से लगभग सौ घरों की ही पानी मिल पा रहा है। दो सौ घर योजना से नहीं जूड पाया है।

# वोटर लिस्ट पुनर्निर्माण में सहभागी बने सभी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

मंडल भाजपा ने शनिवार को एसआईआर एवं विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में पार्टी के बीएलए वन सहित बूथ एजेंट, बूथ पालकों को सजगता के साथ इस कार्य में शासन द्वारा नियुक्त बीएलओ की मदद करते हुए मतदाता सूची के पुनर्निर्माण में सहभागिता निभाने कहा गया। स्थानीय यादव भवन में आयोजित कार्यशाला में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष तरूण लहरवानी, पूर्व नपं अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, जिला महामंत्री डिकेश साहू, एसआईआर के विधानसभा प्रभारी गुलशन हिरवानी, मंडल प्रभारी रामकुमार गुप्ता आदि शामिल हुए। मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल ने कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए मतदाता सूची के पुनरीक्षण, मतदाता नाम जोडऩे, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रिया की जानकारी दी।

### पात्र का नाम हो सूची में

जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इस कार्य में प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर यह सुनिश्चित करे कि हर पात्र नागरिक का नाम सूची में हो और जिनके नाम हटाए जाने आवश्यक हैं, उन्हें भी सही ढंग से हटाया जाए। कार्यशाला में जिपं सदस्य जागृति यदु, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, उपाध्यक्ष संतोष यादव, महेश्वर साहू, बालकृष्ण सिन्हा, योगेश पटेल, कपिल पडौती, अंजू त्रिपाठी, पदमिनी ठाकुर, पुरूषोत्तम साहू, लक्ष्मीनारायण सेन सहित अन्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### शुद्धिकरण बेहद आवश्यक

मुख्य वक्ता दिनेश गांधी ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण होना अत्यंत आवश्यक है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहकर हर पात्र व्यति का नाम सूची में जुड़वाने और निष्क्रिय या डुप्लीकेट नामों को हटाने में सहयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं सहित पात्र मतदाताओं को जागरूक कर बीएलओ के पास उपलब्ध फॉर्म भरवाया जाए, वहीं मृत, स्थानांतरित अथवा दोहरी प्रविष्टि वाले नामों को हटाने के लिए भी फार्म भरवाया जाए। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण की समय सीमा, आवश्यक दस्तावेजों और निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया।

# स्वास्थ्य में लापरवाही न बरते महिलाएं और किशोरियां



**जेवरतला रोड।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य आरके देवांगन की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम तारिणी और काजल अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य ने इस अभियान के मुख्य उद्देश्यों के बारे में बताते हुए कहा कि महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य और पोषण में कमी नहीं होनी चाहिए। उन्हे स्वयं जागरुक होकर स्वास्थ्य जांच कराना चाहिए। किसी प्रकार की शिकायत होने पर चिकित्सक से परामर्श लेने की बात कही। उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक आहार के साथ नियमित व्यायाम, योग करने पर जोर दिया। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने कहा कि महिलाओं एवं किशोरियों को अधिक से अधिक मिलेट्स का उपयोग करना चाहिए क्योंकि इसमें फाइबर, मिनरल, आयरन, प्रोटीन व विटामिन होते हैं। महिला संबंधी परेशानी होने पर स्वच्छता बनाए रखना तथा चिकित्सक की सलाह लेने की बात कही। व्याख्याता हर्षा देवांगन ने पौष्टिक आहार के अलावा तीव्रता वाली शारीरिक गतिविधियां करने की सलाह दी।

कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया। इस दौरान व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेदप्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू आदि उपस्थित थे।

### संकुल स्तरीय खेल स्पर्धा आयोजित

**साल्हेवारा।** संकुल कुम्हरवाड़ा का बसंतपुर में संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कोपरो, बकरकट्टा, कुम्हरवाड़ा, देवरच्चा संकुल के प्रतिभागी शामिल हुए। मुख्य अतिथि सरपंच चिंता मंडावी थे। इस दौरान तिलक मरकाम, दर्शन मरकाम, राजू मरकाम, देवसिंग मरकाम, कमलेश मरकाम मौजूद थे। आयोजन में शिक्षक तारण धुर्वे, उमाशंकर गौतम, तोरण साहू, धनीराम डडसेना, जगदीश देवांगन, हरखराम देशमुख, कुशाल धुर्वे, शीतल नेताम, संतलाल मरकाम, दशरथ मंडावी, यशवंत मंडावी, मयाराम साहू, कुमेश सैय्याम, लोमन मेरावी, बसंत नेताम, हुकुमसिंग गंधर्व, राधेलाल कोठारी, सूरज निषाद, मोहन जंघेल के अलावा सरवन मरकाम,रामरतन जामेवार, संतराम मरकाम, उमेंद मरकाम, विक्रम, छत्तर मेरावी, नरेश मरकाम, शीतल धुर्वे आदि ने सहयोग दिया।



# लोगों को एसआईआर पर मुस्लिम फेडरेशन कर रहा जागरूक

- सामाजिकजनों के बीच एसआईआर का प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



एसआईआर को लेकर मुस्लिम समाज में जागरूकता फैलाया जा रहा है। टीम वर्क करते हुए सामाजिक बाहुल्य वाले क्षेत्रों में लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है जिसमें जिला मुस्लिम समाज अधिकारी कर्मचारी और फेडरेशन के सदस्य सक्रियता से सहयोग कर रहे हैं।

खैरागढ़, छुईखदान, गंडई सहित आसपास के क्षेत्र में समाज के प्रबुद्ध जन ग्रामीणों को एसआईआर की जानकारी दे रहे हैं। इस दौरान लोगों को अभियान से जुड़ने और लाभों के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। जिला मुस्लिम अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के अध्यक्ष मकसूद खान, कलीम गुरुजी, कय्यूम खान, असद खान, सिराज खान, जहींन खान, अमीन मेमन और गजाला खान आदि घर-घर पहुंचकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। कार्यक्रम में जिला मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सज्जाक खान, शेख निजमुद्दीन, पप्पु खान, शेख इब्राहिम, शोएब खान, दादू खान, हाफिज इलियास, अहमद रिज़वी, आजम खान, कम्मू खान, महमूद खान, जहीन खान, तस्द्दुक खान, अकबर खान, परदेशी खान सहित महिलाएं शामिल हुई।

## कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य

# जिले की सभी 197 राशन दुकानें हुई ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

- जिले में 78 हजार कार्डधारी, 49 हजार परिवार उज्जवला योजना से लाभान्वित



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में नवगठित मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए राज्य की विकास यात्रा में अपनी सशक्त पहचान बना चुका है। वर्ष 2000 में यह क्षेत्र राजनांदगांव जिले के अंतर्गत था, किन्तु जिले के रूप में गठन के पश्चात प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता और तकनीकी नवाचार के माध्यम से निरंतर प्रगति की है।

जानकारी के अनुसार जिला गठन के साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली में डिजिटल क्रांति लाई गई। जिले की सभी 197 शासकीय उचित मूल्य दुकानें अब पूर्णतः ऑनलाइन है। दुकानें ई-पॉस मशीन और आधार प्रमाणीकरण प्रणाली से जुड़ी हैं।

इस व्यवस्था से राशन वितरण में पारदर्शिता आई है। जिससे हितग्राहियों को सही मात्रा एवं समय पर खाद्यान्न मिल रहा है। अब प्रत्येक हितग्राही अपने गांव या शहर की दुकान के अलावा अन्य क्षेत्रों से भी राशन प्राप्त कर सकता है। जिले में राशनकार्ड धारियों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जिला गठन के समय 69 हजार 25 राशनकार्ड थे जो अब संख्या बढ़कर 77 हजार 930 हो गए है। जिसमें 72 हजार 917 बीपीएल और 5 हजार 13 एपीएल परिवार शामिल हैं। यह वृद्धि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पात्र परिवारों तक योजनाओं के सफल विस्तार का प्रमाण है।

### महिलाओं को राहत

जिले में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया है। योजना अंतर्गत 49 हजार 526 पात्र परिवारों को निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं जिससे ग्रामीण और निम्न आय वर्ग की महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है। घरों में स्वच्छता और स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसी क्रम में किसानों की आर्थिक सुरक्षा के लिए धान खरीदी केंद्रों का लगातार विस्तार किया जा रहा है। वर्तमान में 27 धान खरीदी केंद्र संचालित हैं, जहाँ किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर धान विक्रय की सुविधा दी जा रही है। ऑनलाइन पंजीयन, डिजिटल तौल व्यवस्था और पारदर्शी भुगतान प्रक्रिया से किसानों को उचित मूल्य और त्वरित भुगतान मिल रहा है।

## छात्रों ने बनाए प्रशंसनीय मॉडल

**खड़गांव।** स्थानीय सेजेस अंग्रेजी माध्यम स्कूल के छात्र छात्राओं ने विज्ञान माडल बना कर प्रदर्शित किया। इन माडलों की सभी शिक्षकों ने तारीफ की। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में गत 8 नवंबर को आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने कड़ी मेहनत से माडल बनाकर प्रदर्शित किया। उन्होंने विज्ञान से जुड़े चार्ट, वर्किंग माडल एवं स्टेटिक माडल बनाए थे। विज्ञान प्रदर्शनी के सफल आयोजन में छात्र छात्राओं के अलावा प्राचार्य खेमलता दास, शिक्षक, सदस्यों सहित पालकों की भूमिका अहम रही। विज्ञान प्रदर्शनी की सभी उपस्थित जनों ने तारीफ करते हुए छात्र छात्राओं को बधाई दी। यह जानकारी समाजसेविका निलिमा जैन ने दी।



# स्कूल के छात्रों को किया जागरूक



**अर्जुनी।** एचआईव्ही एड्स की रोकथाम और विद्यार्थियों को जागरूक करने नवीन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशानुसार रेड रिबन क्लब ने धनीराम साहू किसान उच्चतर माध्यमिक शाला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता कंचन साहू ने एचआईव्ही वायरस की प्रारंभिक जानकारी दी। उन्होंने संक्रमण के लक्षण, उपचार, सावधानी, सुरक्षा और ग्रसित लोगों से सामान्य व्यवहार की जानकारी दी। तत्पश्चात अतिथि व्याख्याता शुभी जैन ने विद्यार्थियों को नशे की लत के पीछे की न्यूरोलॉजिकल प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आसान उपलब्धता और त्वरित आनंद ही नशे की लत लगने का कारण होता है।

यदि दोनों बातों का ध्यान रखा जाए तो नशे से बच सकते हैं। अतिथि ग्रंथपाल हिमानी साहू ने शिक्षा और पर्यावरण के बारे में बताया। कार्यक्रम में कक्षा 10वी एवं 12वीं के छात्र- छात्राएं शामिल हुए।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ का सीआरसी ठाकुरटोला में आयोजन

**राजनांदगांव।** वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का समेकित क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) ठाकुरटोला में सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान देशभक्ति, राष्ट्रीय चेतना की भावना को संजोए हुए सभी ने सीधे प्रसारण के साथ वंदे मातरम् राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया। इस दौरान डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रिटेशन (डीआईएसएलआई) पाठ्यक्रम के छात्रों ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को सांकेतिक भाषा में प्रस्तुत किया। जिससे समावेशन और एकता की भावना का प्रदर्शन हुआ। छात्रों द्वारा भारत थीम पर आधारित एक भव्य रंगोली बनाई गई। सुश्री निधि द्वारा वंदे मातरम् के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और जागरूकता सत्र का आयोजित किया गया। वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय ठाकुरटोला में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में जिला अस्पताल की आरबीएसके टीम ने छात्रों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाईयां प्रदान की। शिविर में सीआरसी के कर्मचारी, प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने वंदे मातरम् राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा वंदे मातरम् राष्ट्रगीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। ग्राम ठाकुरटोला में विद्यार्थियों ने वंदे मातरम् एवं भारत माता की जय के उद्घोष के साथ उत्साहपूर्वक रैली निकाली गई।

### उत्पात मचाने वाले 4 पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने उत्पात मचाने के 4 अनावेदकों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव पुलिस द्वारा गश्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों पर नजर रख रही है। इसी अभियान के तहत थाना क्षेत्र में उत्पात मचाने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर अनावेदक घनश्याम साहू 42 साल निवासी राजा खुज्जी, यशवंत पटेल 35 साल गिदर्री, मंगलचंद 36 साल गिदर्री एवं डामनलाल 48 साल निवासी गिदर्री के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर धारा-170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत ईस्तगासा तैयार कर एसडीएम न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड के प्रदेश उपाध्यक्ष बने शुभम ललवानी



**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई द्वारा प्रदेश अध्यक्ष मनोरमा पाटेकर की अनुशंसा पर संगठन में सक्रियता और निष्ठा को देखते राजनांदगांव के युवा नेता शुभम ललवानी को सेवा दल यंग ब्रिगेड छत्तीसगढ़ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्ति से प्रदेश व जिले के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। श्री ललवानी पूर्व में विभिन्न पदों पर रह चुके हैं। इनकी नियुक्ति पर बधाई देने वालो में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, शहर जिला अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, पूर्व खुज्जी विधायक छन्नी साहू, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष हफीज खान, प्रदेश महासचिव शाहिद खान, प्रदेश महासचिव थानेश्वर पाटिला, प्रदेश प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकान्त जैन, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, पूर्व पार्षद महेश साहू, पूर्व पार्षद मनीष साहू, शहर कांग्रेस महामंत्री नरेश शर्मा, शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी, शहर कांग्रेस सचिव अभय सांखला, सेवा दल शहर अध्यक्ष अमित खंडेलवाल आदि ने शुभकामनाएं दी।

---

तालाब में कचरा नहीं डालने नागरिकों से अपील

# महापौर ने बूढ़ासागर में चल रहे सफाई कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बूढ़ासागर तालाब में मछली मरने पर नगर निगम एवं मत्स्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा तालाब में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसका महापौर मधुसूदन यादव ने निरीक्षण कर नियंत्रण होते तक साफ-सफाई कर दवा एवं चूना डालने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों से तालाब में कचरा नहीं डालने अपील की। महापौर यादव रविवार सुबह बूढ़ा तालाब में मछली मरने के पश्चात चल रहे सफाई कार्य का जायजा लेकर पूर्व पार्षद एवं जनहित मंच के देवेन्द्र मोहन देबू लाला से चर्चा की। श्री देबू ने बताया कि आक्सीजन की कमी के कारण मछलियों की मौत हुई है। तालाब में गंदगी हो गई थी। वर्तमान में नगर निगम एवं मत्स्य विभाग द्वारा मछली ठेकेदारों के साथ मिलकर तालाब की सफाई कर रहे हैं। वहीं स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव ने महापौर को जानकारी दी कि गैंग लगाकर बूढ़ासागर की सफाई की जा रही है।



### समय-समय पर मानिटरिंग के दिए निर्देश

महापौर यादव ने निगम के स्वास्थ्य अमला से कहा कि शिवाजी पार्क के बाजू गंदा पानी फेंकने बने सम्पवेल को नियमित रूप से चालू रखें। खराब होने की स्थिति में तुरंत मरम्मत करें। उन्होंने निगम आयुक्त एवं मत्स्य विभाग के उप संचालक से स्थिति नियंत्रण होने तथा समय-समय पर मानिटरिंग करने कहा। महापौर यादव ने नागरिकों से भी अपील की है कि बूढ़ासागर-रानीसागर में कचरा व झिल्ली पन्नी न डालें, इससे तालाब प्रदूषित होता है, रियासतकालीन तालाब की सुरक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

### दवा डालने हिदायत

महापौर यादव ने कहा कि स्थिति नियंत्रण होते तक तालाब की गैंग लगाकर सफाई कराई जाए तथा पोटाश एवं चूना भी डाला जाए। उन्होंने स्वास्थ्य अमला से कहा कि बूढ़ासागर में समय-समय पर गैंग के माध्यम से सफाई करें, चूना डाल दवा का छिड़काव करें, मत्स्य विभाग एवं नगर निगम की टीम संयुक्त रूप से तालाब की मानिटरिंग करें। जिससे इस प्रकार की स्थिति दोबारा निर्मित न हो। उन्होंने देबू लाला से कहा कि मछुवारा टीम मछली पकड़ने के अलावा तालाब की साफ-सफाई भी करें। किसी प्रकार की परेशानी पर तत्काल नगर निगम को सूचित करे। जिससे इस प्रकार की घटना दोबारा निर्मित न हो।

---

# कांग्रेस में प्रवक्ता नियुक्ति के लिए टैलेंट हंट अभियान



**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार छग प्रदेश कांग्रेस ने जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रवक्ता नियुक्ति के लिए टैलेंट हंट अभियान प्रारंभ की है। आईसीसी ने सांसद सप्तगिरि उल्का को छग का प्रभारी नियुक्त किया है। कांग्रेस की आवाज अभियान के सफल आयोजन के लिए प्रदेश स्तरीय एक समिति प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला की अगुवाई में बनाई गई है। वहीं प्रदेश को पांच जोन बनाए गए है। जिसमें दुर्ग जोन अंतर्गत दुर्ग, राजनादगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, कवर्धा, बेमेतरा, बालोद, मोहला-मानपुर-अ. चौकी जिला हेतु प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा को रीजनल कॉर्डिनेटर बनाकर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे को इस महत्वपूर्ण टीम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही पब्लिसिटी को-ऑर्डिनेटर के रूप में भिलाई की पूर्व महापौर नीता लोधी एवं टेक्निकल सपोर्ट के लिए वालिया को। वहीं प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रवक्ता श्रुति शुक्ला भी है। टैलेंट हंट कांग्रेस की आवाज अभियान के दुर्ग जोन के टीम सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के इस महती अभियान को सफल बनाने छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने 7 नवंबर को प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख, वरिष्ठ प्रवक्ता एवं संचार विभाग के पदाधिकारियों की उपस्थिति में अभियान की शुरूआत करते इसमें भाग लेने वालों के लिए एक बार कोड जारी किया गया है, जिसे स्कैन कर वे अपने आवेदन 20 नवंबर तक भर सकते हैं। 21 से 25 नवंबर तक आवेदनों की स्क्रीनिंग एवं 25 से 30 तक रीजनल फिजिकल इंटरव्यू पश्चात 1 से 5 दिसंबर तक फीजिकल इंटरव्यू एवं पैनल डिस्कशन की जाएगी।

---

## अवैध रूप से शराब परिवहन, आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** मोपेड में अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर शराब बरामद किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाने अवैध शराब बिक्री व असामजिक तत्वों, गुंडा-बदमाशों व सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

### 35 पौवा शराब बरामद

चलाए जा रहे अभियान कार्रवाई के तहत थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में थाना सोमनी पुलिस की टीम गठित कर अवैध रूप से शराब परिवहन करने वाले आरोपी बीरबल कुमार गजभिये 40 साल निवासी ग्राम ककरेल को पकडा गया। आरोपी बीरबल गजभिये से 15 पौवा देशी प्लेन शेरा मदिरा कीमती 1200 व 20 पौवा गोवा स्पेशल कीमती 2400 व एक स्कूटी को जब्त किया गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई :** आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से अपराध धारा सदर का कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायालय के आदेश से जेल दाखिल किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव, सहायक उपनिरीक्षक महेन्द्र यादव, प्रधान आरक्षक डुलेश्वर साहू, आरक्षक सगनु निषाद का सराहनीय योगदान रहा है।

## कार्यपालन अभियंता ने संभाला कार्यभार

**राजनांदगांव।** सीएसईबी में प्रभारी कार्यपालन अभियंता एमके साहू के स्थान पर कौशलेन्द्र पाण्डे कार्यपालन अभियंता ने यहां अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। श्री पांडे ने महासमुंद से कार्यमुक्त होने के पश्चात यहां अपना कार्यभार ग्रहण किया है। बीते कुछ महीनों से यहां प्रभारी कार्यपालन अभियंता एमके साहू कार्यभार संभाल रहे थे। उन्होंने अपने प्रभार के दौरान यहां पर विभिन्न क्षेत्रों में बिजली संबंधी शिकायतों को प्राथमिकता से लिया था और बिजली की सतत आपूर्ति की दिशा में पहल की।

## अपहृत बालिका को सोमनी पुलिस ने तीन घंटे में खोजा

**राजनांदगांव।** एक नाबालिक बालिका को बहला-फुसला कर ले जाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं अपहृता को बरामद किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी नाबालिक पुत्री को स्कूल जाते समय प्रवीण गेण्ड्रे उर्फ बिट्टू अपने मोटर साइकिल में बहला-फुसलाकर बिठाकर कहीं भगाकर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सोमनी में धारा 137(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

### परिजन को सौंपा

बालिका से संबंधित गंभीर मामला होने से मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया। थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण नामदेव के नेतृत्व में थाना सोमनी पुलिस का तत्काल टीम गठित कर अपहृत बालिका का अपहृत होने के संबंध में सूचना जिला के सभी थाना, चौकी एवं आरपीएफ को दिया गया। त्वरित कार्रवाई करते अपहृत बालिका की पता में रेलवे स्टेशन राजनांदगांव में एक ट्रेन से उतरने के दौरान बालिका को आरोपी के पास से दस्तयाब किया गया। अपहृत बालिका से पूछताछ पर आरोपी द्वारा घटनाकारित करना पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई करते पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश कर माननीय न्यायालय के आदेश से जेल दाखिल किया गया एवं बालिका को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

---

# इंटेलिजेंस डीएसपी चंद्रा को मिली पीएचडी की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के डीएसपी मणिशंकर चंद्रा को मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर ने मैनेजमेंट में सफलतापूर्वक रिसर्च करने के बाद पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। चंद्रा को मैनेजमेंट का रिसर्च संपन्न करने पर यूनिवर्सिटी द्वारा पीएचडी का प्रमाण पत्र सौंपा गया। चंद्रा वर्तमान में पुलिस हेडक्वार्टर में इंटेलिजेंस में डीएसपी के पद पर पदस्थ हैं।

वह अविभाजित मध्यप्रदेश के साल 2000 में बतौर सूबेदार पुलिस महकमे में भर्ती हुए थे, तब से उन्होंने यातायात एवं पुलिस विभाग के प्रबंधन को लेकर अलग-अलग जिलों में मिली जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निर्वहन किया। चंद्रा ने देश के प्रमुख हैदराबाद, पुणे, भोपाल, बैंगलोर, मुम्बई व रायपुर से भी यातायात से संबंधित विषयों पर ट्रेनिंग प्राप्त की है। उन्होंने सेंट्रल एकेडमी फॉर पुलिस ट्रेनिंग भोपाल, इंस्टीट्यूटी ऑफ रोड ट्रैफिक एजुकेशन मुम्बई, ट्रैफिक ट्रेनिंग रोड सेफ्टी इंस्टीट्यूट बैंगलोर के अलावा हैदराबाद व रायपुर में भी ट्रेनिंग प्राप्त की।

चंद्रा ने पुलिस विभाग में राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर में रक्षित निरीक्षक के रूप में भी उल्लेखनीय कार्य किया। वह बस्तर और धमतरी में भी यातायात डीएसपी रहे। उन्होंने बीएससी (मैथ्स), एमएससी (इलेक्ट्रॉनिक्स), एमए (इतिहास, समाज शास्त्र, राजनीति, राजनीतिक शास्त्र, लोक प्रशासन व हिन्दी ), पीजी डिप्लोमा इन ह्यूमन राईट्स, एमबीए (ह्यूमन रिसोर्स एवं मार्केटिंग मैनेजमेंट), एलएलबी, पीजीडीसीए तथा पीएचडी की डिग्री प्राप्त की है।

---

# जनवरी में होगी महंत राजा सर्वेश्वर दास हॉकी स्पर्धा

## कलेक्टर से हुई मुलाकात, महापौर के नेतृत्व में मिला प्रतिनिधि मंडल

**राजनांदगांव।** नए वर्ष के जनवरी माह में एक वर्ष के अंतराल के बाद पुनः महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन पर चर्चा हुई है। इस प्रतिष्ठित आयोजन की तैयारियों को लेकर आज महापौर मधुसूदन यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर जितेन्द्र यादव से शिष्टाचार भेंट की और प्रतियोगिता से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

प्रतिनिधि मंडल में छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, प्रकाश सांखला, नीलमचंद जैन, भूषण साव, छोटेलाल रामटेके, तीरथ गोस्वामी, प्रिंस भाटिया, रणविजय प्रताप सिंह, गणेश प्रसाद शर्मा, कुमार स्वामी, अरूण शुक्ला, अजय झा, प्रकाश शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, अनीश रजा, महेंद्र सिंह ठाकुर, गुणवंत पटेल, शकील अहमद आदि शामिल थे। प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को बताया कि यह प्रतियोगिता न केवल प्रदेश, बल्कि देशभर के साथ-साथ विदेश में भी अपनी प्रतिष्ठा के लिए जानी जाती है, जहां देश की नामी टीमें हिस्सा लेती है। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि ऐसे प्रतिष्ठित हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन हमारे शहर के लिए गौरव की बात है। इस प्रतियोगिता को देखने के लिए शहर की जनता आतुर रहती है। यह आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देता है, बल्कि राजनांदगांव को राष्ट्रीय हॉकी मानचित्र पर उजागर भी करता है। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि राजनांदगांव की जनता इस बहुप्रतीक्षित आयोजन को लेकर उत्साहित है। जल्द ही आयोजन की तिथि, भाग लेने वाली टीमों और कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा की घोषणा की जाएगी।



### विभिन्न राज्यों से उत्कृष्ट खिलाड़ी लेंगे भाग

इस अवसर पर बताया गया कि इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता में ओलंपिक पदक विजेता व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों सहित देश के विभिन्न राज्यों के उत्कृष्ट खिलाड़ी भाग लेते हैं। यह आयोजन युवा खिलाड़ियों को अपने कौशल के प्रदर्शन का सुनहरा अवसर प्रदान करता है तथा राजनांदगांव की गौरवशाली हॉकी परंपरा को नई ऊंचाईयां देता है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने प्रतिनिधि मंडल को आवश्यक सहयोग और समर्थन का आश्वासन दिया तथा कहा कि प्रशासन इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में हर संभव सहायता करेगा।

---

## रायपुर ने जीता व्हालीबॉल स्पर्धा



**गंडई पंडरिया।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता में राजनांदगांव सेक्टर ने शानदार खेल कौशल का परिचय देते हुए उप-विजेता का गौरव प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता उत्तर बस्तर सेक्टर के भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातक महाविद्यालय कांकेर में संपन्न हुई। स्पर्धा में 11 सेक्टरों की टीमों ने हिस्सा लिया था।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रायपुर सेक्टर और राजनांदगांव सेक्टर के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने चैंपियनशिप हासिल करने पूरा ज़ोर लगाया और दर्शकों को एक कड़ी टक्कर देखने मिली। कड़े संघर्ष के बाद अंततः रायपुर सेक्टर विजेता बनने में सफल रहा, जबकि राजनांदगांव सेक्टर ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी बेहतरीन रणनीतियों और टीम वर्क से खेल प्रेमियों को प्रभावित किया। प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे सहित सेक्टर के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारियों और वॉलीबॉल प्रेमियों ने पूरी टीम और मैनेजरों को बधाई दी है। बधाई देने वालों में वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी परेश वर्मा, अरुण चौधरी, डॉ. नीता नायर, डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, मोरजधव्ज सोनवानी, खेलन माहुले, रोशन पटेल आदि शामिल हैं।

### उपविजेता होना भी किसी जीत से कम नहीं

राजनांदगांव सेक्टर की उप-विजेता टीम में देवेंद्र चंद्रवंशी, अनुभव जायसवाल, दीपक बंजारे, शेख उवैश मोहम्मद, उमाकांत साहू, डोमन सिंह मेरावी, मोसेस अमोली, चंदन लारोकर, मोइन अहमद खान, सुमीत यादव, यश कुमार और राजकुमार शामिल थे। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत सेक्टर को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। प्रतियोगिता में टीम के प्रबंधन की जिम्मेदारी अनीता पौशार्य क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय गंडई और प्रकाश चंद्रवंशी शासकीय महाविद्यालय पिपरिया ने संभाला था। टीम के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए टीम मैनेजर अनीता पौशार्य ने कहा कि उप-विजेता होना भी किसी जीत से कम नहीं है। हमारे खिलाड़ियों ने समर्पण दिखाया है। अब हम अगले स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए खेल में सुधार पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

---

# शराब दुकानों के आसपास पुलिस ने बढ़ाई मॉनिटरिंग, हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने जिले के शराब दुकानों के आसपास पुलिस ने दबिश देकर असामाजिक तत्वों की जांच पड़ताल की एवं हो-हंगामा, लडाई-झगड़ा करने वालों पर पैनी नजर रखी। जिससे हड़कंप की स्थिति रही।



प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं एएसपी राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिलेभर में विशेष अभियान चलाया गया। जिसके तहत शराब दुकानों एवं भट्टियों के आसपास सक्रिय असामाजिक तत्वों की सघन जांच की गई। में जिले के सभी थाना प्रभारियों को शराब भट्टियों एवं उसके आसपास सक्रिय असामाजिक तत्वों पर सतर्क निगरानी रखने के निर्देश दिए गए थे। जिसके तहत पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 8 नवंबर को अभियान चलाया। जिससे असामाजिक तत्वों में हडकम्प मचा रहा।

### हंगामा करने वालों पर पैनी नजर

शराब पीकर हंगामा करने, झगड़ा करने या अवैध गतिविधियों पर राजनांदगांव पुलिस की पैनी नजर है। पुलिस द्वारा ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। जिससे जिले में असामाजिक गतिविधियों पर संलिप्त पाए जाने पर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शांतिभंग के आरोप में तीन पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

क्षेत्र में लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 9 नवंबर को आमजन व गवाहों के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने वाले एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर चंदन उत्केल 30 साल साकिन बापू स्कूल के पास, राजकुमार साहू उर्फ गोलू 30 साल व प्रशांत बांसफोड़ 31 साल चिखली दीनदयाल कालोनी को गिरफ्तार कर पृथक-पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।






## खबर संक्षेप

### कोलेगांव क्षेत्र के ग्रामीण श्री शिव महापुराण कथा सुनने पहुंच रहे घुघरी खुर्द



**हरिभूमि कोलेगांव।** घुघरी खुर्द में आयोजित पांच दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा एवं सुरभि गौमाता संरक्षणार्थ महायज्ञ में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह आयोजन गणेश तिवारी, नेहा तिवारी, आशीष तिवारी परिवार द्वारा किया जा रहा है। जिसमें पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले द्वारा श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा सुनने आसपास क्षेत्र सहित अन्य जिले से भक्तजन व श्रद्धालु गण पहुंच रहे है। जिसमें पंडरिया क्षेत्र के ग्राम कोलेगांव व आसपास के ग्राम कुंआमालगी, अमलीमालगी, रूसे, दामापुर, गौरमाटी व कुण्डा सहित आसपास के ग्रामीण जन पंडित प्रदीप मिश्रा के श्री शिव महापुराण कथा सुनने व दर्शन तथा आर्शीवाद प्राप्त करने हजारों की संख्या में शिव भक्त ग्राम घुघरी खुर्द पहुंच रहे हैं। बताया जाता है कि आसपास क्षेत्र के शिवभक्त जन श्री शिव महापुराण कथा सुनने का सौभाग्य मिल रहा है वहीं दूर-दराज के भक्तजन टीवी के माध्यम से घर बैठकर श्री शिव महापुराण कथा सुनकर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे है।

**समस्या:** शिकवा-शिकायत के बाद भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारी की अनदेखी

# हाईवे पर उड़ती धूल बनी समस्या स्कूली बच्चे व राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर/कवर्धा

धर्म नगरी कवर्धा अब धूल नगरी बन चुकी है। नेशनल हाइवे ग्राम जोराताल से लेकर रायपुर बायपास तक की सड़क पर पिछले छह महीनों से उड़ रही धूल ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। इससे क्षेत्र से गुजरने वाले लोगों, स्कूली बच्चों और स्थानीय निवासियों को लगातार धूल के गुबार से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाइवे किनारे बसी नंदीविहार कॉलोनी के लोगों का कहना है कि सड़क की दुर्दशा और लगातार गुजरते भारी वाहनों के कारण धूल का बादल हमेशा छाया रहता है। हालात यह हैं कि लोग घरों की खिड़कियां बंद रखकर भी धूल से नहीं बच पा रहे। आस-पास कपड़ों से लेकर खाने-पीने की वस्तुएं तक धूल में सनी रहती हैं। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पास ही ट्रांसपोर्ट नगर होने के कारण 24 घंटे ट्रकों का जमघट लगा रहता है। इस कारण सड़क पर वाहनों की भीड़ और धूल दोनों बढ़ गए हैं। राहगीरों को चलना मुश्किल हो गया है और दोपहिया वाहन चालक तो सबसे अधिक परेशान हैं। क्योकि सुबह से देर शाम तक स्कूली बच्चे बस या ऑटो का इंतजार करते हैं, तब हवा में उठती धूल उनके कपड़ों और चेहरे को पूरी तरह ढ़क देती है। धूल के कारण दृश्यता भी कम हो जाती है जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने बताया कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। सड़क की मरम्मत कार्य महीनों से अधर में लटका हुआ है।

### प्रशासनिक अधिकारियों की चुप्पी पर उठाए जा रहे सवाल




स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की चुप्पी पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब जिला मुख्यालय की मुख्य सड़क की ऐसी स्थिति है, तो दूरस्थ इलाकों का हाल आसानी से समझा जा सकता है। नागरिकों व राहगीरों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र ही सड़क की मरम्मत और नियमित पानी छिड़काव की व्यवस्था नहीं की गई, तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब जागता है और कब तक कवर्धा की यह धूलनगरी फिर से धर्मनगरी बन पाती है।



# गीता ज्ञान में भगवान के चरणों से प्राप्ति हो सकता है जीवन आनंदमयः पं. आनंद उपाध्याय

- कथा श्रवणपान करने उमड़ रही भक्तों की भारी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

धर्म नगरी कवर्धा में वेद श्रीवास्तव के निवास में आयाजित श्री शिव कथा में शंकराचार्य के शिष्य धर्मान्सद पं आनंद उपाध्याय ने कहा कि गीता भगवान श्री कृष्ण जी के श्री मुख से निकली है, गीता पढ़ने वाला पवित्र हो जाता है जो गीता पढ़कर सुनकर गीता के सूत्र और सिद्धांत को अपने जीवन में उतारता है वह भय और दुःखों से छूटकर भगवान श्री विष्णु के धाम को प्राप्त करता है। संसार के जल से शरीर का मैल दूर होता है और गीता ज्ञान के जल से मन पवित्र होता है। महाभारत युद्ध के पूर्व अर्जुन दोनों सेनाओं को देखते हैं और दुखी हो कर राज्य सुख, विजय और लोगों के लिए युद्ध नहीं करूंगा कहकर बैठ जाते हैं तब भगवान समझाते हैं कि यह युद्ध केवल राज्य और भोगों के लिए नहीं है यह युद्ध धर्म की स्थापना के लिए है।

आत्मा अविनाशी है कभी नहीं मरता कोई इसे मार भी नहीं सकता। जैसे हम पुराने कपड़े को बदलते हैं वैसे ही हमारी आत्मा शरीर बदलती है। यदि सुख-दुःख, हानि-लाभ व जय तथा पराजय को समान मानकर युद्ध करोगे, तो तुम्हें पाप नहीं लगेगा। जो व्यक्ति सर्दी-गर्मी, मान-अपमान व सुख-दुःख जो ये विषय हैं आने जाने वाले और अनित्य हैं जो इनको सह लेता है और अपना भजन-पूजन और साधना को अखण्ड बनाए रखता है वो अमृत का अर्थात मोक्ष का अधिकारी होता है। जो जिस विषय का चिंतन करता है उसमें आसक्ति होती है उसे पाना चाहता है कामना पूर्ण नहीं होती तो क्रोध उत्पन्न होता है क्रोध से बुद्धि का नाश हो जाता है। जब हम भगवान का चिंतन करेंगे तो भगवान को पाने का मन होगा और हम भगवान को पाने प्रयास करेंगे तो हमारा कल्याण हो जाएगा। क्षत्रिय को धर्म युद्ध करने का अवसर बड़े सौभाग्य से मिलता है यदि वह मर जाएगा तो स्वर्ग मिलेगा यदि जीतेगा तो धरती का राज्य इसलिए अर्जुन तुम युद्ध करो आज भी जो धर्म के मार्ग में चलना चाहते हैं उनके लिए कठिन परिस्थिति है।

उन्होने बताया कि ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज पूरे देश में गौ हत्या बंद करने के लिए गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं, गौ माता के रक्षा के लिए शंकराचार्य ने गोवर्धन से दिल्ली तक पद यात्रा की और पूरे भारत में यात्रा करके गौ ध्वज स्थापना की, लोगों को गौ सेवा के लिए प्रेरित कर रहे हैं तथा पूरे देश में रामा गौधाम की स्थापना कर रहे हैं, हम सबको मिलकर रामा गौधाम की स्थापना में तन-मन-धन से सेवा करनी चाहिए हम सभी को गौ रक्षा के लिए शंकराचार्य का साथ देना चाहिए।

# संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में, बच्चों ने दिखाया प्रतिभा का जज्बा

- दो दिवसीय संकुल स्तरीय प्रतिस्पर्धा में स्कूली छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

पंडरिया विकासखंड के भाकुर संकुल के तत्वाधान में ग्राम भेलकी में दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 06 एवं 07 नवम्बर तक आयोजित किया गया। जिसमें संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में 12 शासकीय प्राथमिक एवं 2 पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र—छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति श्रीमती दीपा धुर्वे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य श्रीमती बिलासा पंद्राम उपस्थित थें। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम भेलकी की सरपंच श्रीमती पतिया बाई ने की। मुख्य अतिथि श्रीमती दीपा धुर्वे ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, सहयोग और आत्मविश्वास का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को खेल और शिक्षा दोनों में संतुलन बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में सहायक खंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर संकुल समन्वयक नारायण कुंभकार, अर्जुन कश्यप, श्रवण दास, संतोष सोनवानी, रविकुमार, काशीराम नुतेन्द्र जोशी, बोधन पटेल, सुभाष सोनी, मनोज सिन्हा, डोंडे कौशिक, पदीय मादन, कुंजय मारकडे, दिलेश्वर जंघेल, फूल सिंह मरावी, पृथ्वी सिंह, संत कुमार मार्को, बलवन्त सोनवानी, कुलदीप कुरे, मुन्ना बैगा, शैलेश बंजारे, राजेश उइके, प्रेम मरावी, इन्द्र धावलकर, कली बघेल, चैनी मरावी, मंजू वर्मा, भोला देवांगन, दयावती तथा ग्राम युवा कार्यकर्ता संतोष पनरिया सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित थें। वहीं समापन कार्यक्रम में अतिथियों ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# हाइब्रिड धान की बालियों में ब्लास्ट काले का प्रकोप, किसान चिंतित

## आसपास क्षेत्र के किसान चिंतित व परेशान नजर आ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक ग्रामीण किसानों ने बड़े पैमाने पर हाइब्रिड धान की पैदावार की गई है, बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है और कवर्धा को कृषि प्रधान जिला के नाम से जाना जाता है। यहां के किसान हाइब्रिड धान की बड़े पैमाने पर हाइब्रिड धान फसल की पैदावार करने जुटे हुए हैं। जिस पर ग्रामीण किसानों ने बताया कि बरसात के दिनों में धान की रोपाई का कार्य जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक कृषि कार्य किया गया, वहीं तीन-चार माह बाद हाइब्रिड धान फसल खेतों पर परिपक्व होकर बालिया निकल चुके हैं। जिसमें ब्लास्ट और काले धब्बे-लाई फुट रहे हैं, जिससे किसान चिंतित व परेशान नजर आ रहे है।

जिसमें ग्राम राम्हेपुर कला निवासी ग्रामीण किसान शिव सतनामी और चंदनपुर निवासी संतोष मिश्रा का कहना है की हाइब्रिड धान में बहुत जल्द बीमारी का प्रकोप लगे होने के कारण किसानों को भारी हानि उठाना पड़ता रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार शहर व क्षेत्र में मोंथा तूफान व बेमौसम बारिश से किसानों को भारी नुकसान उठानी पड़ रही है जिससे आसपास क्षेत्र के ग्रामीण किसान चिंतित व परेशान है।



# जवाहर नवोदय विद्यालय में जनजाति पखवाड़ा संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जवाहर नवोदय विद्यालय कवर्धा में जनजाति पखवाड़ा के अंतर्गत जनजातियों का योगदान विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर पर विमर्श किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कन्या महाविद्यालय कवर्धा के व्याख्याता लवण सिंह कंवर तथा पीजी कॉलेज कवर्धा के हिंदी विभाग के व्याख्याता नरेंद्र कुमार कुलमित्र उपस्थित थें। लवण सिंह कंवर ने उद्बोधन में कहा कि भारत की जनजातियां हमारी संस्कृति की जड़ों से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने बताया कि जनजातीय समाज ने सदियों से प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवन व्यतीत किया है। जल, जंगल और जमीन के संरक्षण में उनका योगदान अमूल्य रहा है। जनजातीय लोककला, नृत्य, संगीत और हस्तशिल्प भारत की सांस्कृतिक विविधता को समृद्ध करते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में हमें जनजातीय परंपराओं से प्रेरणा लेकर पर्यावरण संतुलन और सामुदायिक जीवन मूल्यों को अपनाना चाहिए। वहीं व्याख्याता नरेंद्र कुमार कुलमित्र ने अपने वक्तव्य में कहा कि जनजातीय समाज भारत की आत्मा है। जनजातियों ने स्वतंत्रता संग्राम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई चाहे झारखंड के बिरसा मुंडा हों, संथाल विद्रोह हो या छत्तीसगढ़ के वीर नारायण सिंह। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय ने हमेशा आत्मसम्मान, स्वाभिमान और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है। उनका जीवन दर्शन सादगी, समानता और सहयोग की मिसाल है, जो आज के समाज के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य एनके लांजेवर ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जनजातीय संस्कृति हमारी साझा विरासत है, जिसे संरक्षित और प्रोत्साहित करना हम सबका दायित्व है। उन्होंने दोनों अतिथियों के विचारों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन टीजीटी (सामाजिक अध्ययन) जी एल चौधरी ने कुशलतापूर्वक किया।



# छत्तीसगढ़ एग्रिकान समिति के इंटरैक्टिव स्टॉलों ने बिखेरी प्रेरणा की चमक



**हरिभूमि कवर्धा।** 6 और 7 नवंबर को अंजोर प्रेरणा और नवाचार तिहार का दो दिवसीय उत्सव सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह अनूठा कार्यक्रम उन ग्रामीण नवाचारकों, यानि किसानों, महिलाओं और युवाओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था, जो अपनी सूझबूझ और पारंपरिक ज्ञान से गांवों की रोजमर्रा की चुनौतियों का हल निकाल रहे हैं। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन सेंट्रल हाइलैंड्स रेस्टोरेशन प्रोजेक्ट और समुदाय के द्वारा किया गया। यह उत्सव चेंजमेकर स्टोरीज इनिशिएटिव का एक महत्वपूर्ण पड़ाव था। अंजोर में 82 चुनिंदा नवाचारकों ने नवाचार गैलरी में अपने स्टॉल लगाकर अपने काम को दुनिया को दिखाया। इस दो दिवसीय उत्सव में जिलेभर से दो हजार की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। यहां एग्रीकॉन समिति के सदस्यों ने लोगों को खेल-खेल में और आसान मॉडल के जरिए जमीन के स्वास्थ्य को सुधारने, पर्यावरण संतुलन, कार्बन फार्मिंग और टिकाऊ आजीविका जैसे गंभीर विषयों के बारे में समझाया। इसके अलावा अन्य स्टॉलों पर यह भी दर्शाया गया कि कैसे हमारी सोच और व्यवहार में छोटे बदलाव और स्वयंसेवा की भावना, पूरे समुदाय में एक बड़ा और सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। इसके साथ साथ कलाकारों ने पारंपारिक गायन और वादन से समा बिखेर दिए बैगा नृत्य सभी का मनमोह लिया। नवाचार गैलरी में जहां 82 नवाचारकों ने अपनी प्रतिभा दिखाई, वहीं एग्रीकॉन के इन स्टॉलों ने उस प्रतिभा को और निखारने के लिए ज्ञान और नए रास्ते दिखाए। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में कवीर वालंटियरस की बहुत ही सराहनीय सहयोग रहा। इस पूरे आयोजन में छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति की भागीदारी बेहद खास रही। एग्रीकॉन इस आयोजन के मुख्य सहयोगी संगठनों में से एक था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एग्रीकॉन के साथ-साथ कॉमनलैंड, टेसू मीडिया लैब, समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट और ग्रामोदय जैसे कई सहयोगी संगठनों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंजोर उत्सव में छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति द्वारा लगाए गए विशेष स्टॉल लोगों के लिए ज्ञान और प्रेरणा का एक बड़ा केंद्र बने। ये स्टॉल सिर्फ जानकारी देने के लिए नहीं थे बल्कि बहुत इंटरैक्टिव थे, जहां लोग खुद हिस्सा लेकर सीख रहे थे। एग्रीकॉन के स्टॉलों ने लर्निंग सर्कल्स के उद्देश्य को सही मायने में पूरा किया।

**छात्राओं ने जनजाति नायकों व उनके योगदान पर आधारित प्रस्तुतियां दी**

# अशोका स्कूल में जनजाति गौरव दिवस पर विशेष परिचर्चा




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

संपूर्ण भारत में 01 से 15 नवंबर तक मनाए जा रहे जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर अशोका पब्लिक स्कूल में बच्चों के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में जनजाति संस्कृति, उनके सामाजिक और ऐतिहासिक योगदान को समझाना और उनके महत्व को उजागर करना था। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में जनजाति वर्ग के बिहारी राम धुर्वे सभापति नगर पालिका कवर्धा उपस्थित थे, जिन्होंने बच्चों के साथ संवाद करते हुए अपने अनुभव, सांस्कृतिक परंपराएं और समाज के प्रति अपने योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि किस प्रकार हमारी विविध जनजातियां देश की सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भी सक्रिय रूप से प्रश्न पूछे और जनजाति संस्कृति, संगीत, नृत्य और परंपराओं के बारे में उत्साहपूर्वक जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही छात्रों ने जनजाति नायकों और उनके योगदान पर आधारित प्रस्तुतियां और चित्र प्रदर्शन भी किया। विद्यालय के संचालक पवन देवांगन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक समझ को बढ़ाते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि छात्र अपनी शिक्षा के साथ-साथ अपने सांस्कृतिक मूल्यों को भी समझेंगे और उन्हें संजोएंगे। समापन अवसर पर प्राचार्य एस एल नापित एवं सभी छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर जनजाति दिवस के महत्व पर जोर देते हुए संदेश साझा किया और कार्यक्रम का समापन एक सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ हुआ। इस प्रकार अशोका पब्लिक स्कूल में आयोजित जनजाति दिवस कार्यक्रम ने बच्चों को उनकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के साथ-साथ समाज और इतिहास के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उक्त सभी जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी अशोक कुमार द्वारा दी गई।

## छात्राओं ने खो-खो, कबड्डी व अन्य खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित विकासखंड कवर्धा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दौजरी में सुबह शनिवार के दिन स्कूली बच्चों ने स्कूल परिषर पर खो-खो, कबड्डी व अन्य खेलकूद में अपनी-अपनी प्रतिभाओं को दिखाएं जिसके कारण छात्र-छात्राओं में खेलकूद में जुनून का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में प्रधान पाठक संतोष सिंह ठाकुर, दुर्गा प्रसाद चंद्रवंशी, लालजी कुर्रे तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज़

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बाजार से लोकल अमरूद व आंवला गायब

**कवर्धा।** बिगड़ते प्राकृतिक संतुलन और मौसम में हुई उथल-पुथल का असर इस बार मौसमी फलों के उत्पादन पर भी देखने को मिल रहा है। इस वर्ष बारिश के मौसम में निकलने वाली जामुन कवर्धा के बाजार से पहले ही नदारत रही और ठंड के दिनों में जिले के जंगलों तथा किसानो की बगीचे तथा बाड़ी से निकले वाली आंवला व अमरूद भी अब तक बाजार में नजर नहीं आ रहे है। माना जा रहा है कि इस वर्ष मौसमी उथल-पुथल का असर आंवले व अमरूद की पैदावार पर भी पड़ा है। बेमौसम बारिश की वजह से उत्पादन पिछले वर्ष की अपेक्षा काफी कम है। जानकारों का मानना है कि इस वर्ष जिले में अमरूद की फसल न के बराबर है और जिन ईलाकों में थोड़ी बहुत फसल है भी तो वह अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। अमरूद की फसल प्रभावित होने के कारण ही अभी तक नगर के बाजार में देशी अमरूद नजर नहीं आ रहा है। कुछ एक हांथ ठेला वाले जरूर बाहर से अमरूद लाकर नगर में घूम-घूमकर बेंचते नजर आ रहें है, लेकिन ये अमरूद देशी नहीं बल्कि फार्म हाऊस के और हाईब्रीड किस्म के है जो देखने में तो खूबसूरत है लेकिन बेस्वाद। बाजार में इसका मूल्य करीब सौ रूपए किलो है। अमरूद की ही तरह जिले में देशी आंवला का भी टोटा नजर आ रहा है। इन दिनों वनांचल ग्राम बैरख, तरेगांव, भोरमदेव, छपरी, कुई, कुकदूर क्षेत्र आंवले की फसल से लबालब नजर आते थे। लेकिन बीते कुछ वर्षो से ऐसा कुछ भी नजर नहीं आ रहा है।

**कथा:** गुरुनानक देवजी, कामदेव और ताड़कासुर प्रसंगों से भक्ति, ज्ञान और जीवन का संदेश दिया कथावाचक ने

# भक्तों को अपनी ओर खींच रही पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

धर्मनगरी कवर्धा के समीप ग्राम घुघरी खुर्द में चल रही पंचदिवसीय शिवपुराण कथा के चतुर्थ दिवस अर्थात महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का विराट संगम देखने को मिला। हजारों की संख्या में शिवभक्तों ने कथा श्रवण कर स्वयं को धन्य महसूस किया। यह भव्य आयोजन सुरभि गौमाता संरक्षणार्थ रुद्र महायज्ञ एवं शिवपुराण कथा के रूप में कवर्धा निवासी गणेश तिवारी, नेहा तिवारी और आशीष तिवारी परिवार द्वारा किया जा रहा है।

कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले ने चतुर्थ दिवस की कथा में उपस्थित लाखों श्रोताओं को शिवमहापुराण की पावन कथा का श्रवणपान कराते हुए व्यासपीठ से कहा कि देवों के देव महादेव की करुणा और उदारता से कवर्धा जिले के ग्राम घुघरी खुर्द की इस पावन भूमि पर यह रुद्र महायज्ञ और शिवपुराण कथा सम्पन्न हो रही है। प्रभु की अविरल कृपा और भक्तों की अटूट आस्था ही इस आयोजन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि एक छोटे से गांव में गागर में सागर भर देने जैसा यह आयोजन है, जहां लाखों शिवभक्तों को कथा श्रवण का अवसर मिल रहा है।

महाराज श्री ने मार्गशीर्ष मास के अग्रा नक्षत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि आज की कथा सुनने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। हर वह इच्छा जो हृदय में सच्चे भाव से मांगी जाए, वह पूर्ण होती है। उन्होंने गुरुनानक देव जी का प्रसंग सुनाते हुए कहा जैसे लंबी यात्रा में पहचान पत्र आवश्यक होता है, वैसे ही इस जीवन यात्रा में ईश्वर का नाम ही हमारा परिचय पत्र है। मनुष्य प्रतिदिन 21,600 साँसें लेता है, और प्रत्येक सांस में परमात्मा का स्मरण होना चाहिए।

चतुर्थ दिवस की कथा में जब पंडित मिश्रा ने माता पार्वती के काशी भ्रमण का प्रसंग सुनाया, तो पूरा पंडाल भावविभोर हो उठा। भगवान शिव ने माता पार्वती से कहा जीवन में जो भी रिश्ते नाते मिलते हैं, उनके तीन कारण होते हैं कुछ हमें सिखाने आते हैं, कुछ लौटाने आते हैं, और कुछ साथ देने के लिए आते हैं। जो व्यक्ति संघर्ष को समझता है, वही दूसरों का दर्द समझता है। जिसने संघर्ष नहीं देखा, वह कुछ नहीं जानता।



### जहा शिव नहीं, ऐसा कोई स्थान नहीं, सर्वं शिवम का दिया संदेश

चतुर्थ दिवस की कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने गुरुनानक देव जी और नामदेव जी की कथा का प्रसंग सुनाया। उन्होने बताया कि जब दोनों एक मंदिर में गए और नामदेव जी नाचने लगे तो लोगों ने उन्हें बाहर निकाल कर मंदिर के पीछे बिठा दिया। तब गुरु नानक देव जी ने नामदेव की आखों में आशु देखा तब कहा की जहां तुम बैठे हो, वहीं शिव हैं। ऐसा कोई स्थान नहीं जहां ईश्वर न हों और नामदेव ने भगवान शिव का सच्चे मन से स्मरण किया तो मंदिर के मुख्य द्वार की दिशा ही बदल गई। यहां बताना लाजिमी होगा की 10 नवम्बर को इस पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का अंतिम दिन है और अंतिम दिन की कथा समय सुबह 8.00 बजे से 11.00 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिसे देखते हुए हजारों की संख्या में शिव भक्त रविवार की रात पण्डाल में गुजारने की तैयारी करते भी दिखे।

### सनातन धर्म में 33 करोड़ देखता, .देवताओं को मत बांटोः पंडित प्रदीप मिश्रा

पंडित जी ने शिवपुराण कथा में कहा कि .देवताओं को मत बांटो। 33 कोटि देवता हमारे सनातन धर्म की एकता के प्रतीक हैं। राम कहो, कृष्ण कहो या शिव, सबमें वही परमात्मा बसते हैं। आडंबर त्यागो, भ्रम मिटाओ और भरोसा अपने ऊपर, अपने पिता पर और विश्वनाथ पर रखो। कथा में जब कामदेव व ताड़कासुर का प्रसंग आया, तो वातावरण भक्तिभाव से भर गया। व्यासपीठ ने कहा भगवान शिव ने जब तीसरा नेत्र खोला, तो कामदेव भस्म हो गए। ताड़कासुर ने ब्रह्मा जी से वरदान मांगा था कि उसका वध केवल शिवपुत्र के हाथों ही हो। युद्ध के समय भगवान शिव ने कहा ताड़कासुर के हृदय में मैं ही निवास करता हूँ, अतः उस पर बाण मत चलाना। व्यासपीठ ने कहा कि शिव भक्तों के मन को कभी मत दुखाना, क्योंकि महादेव ही ऐसे देव हैं जिनका कोई शत्रु नहीं। जिसने शिव को भजा, उसे सब कुछ मिला।

# कलेक्टर वर्मा का सख्त एक्शन ठेकेदार की सुस्ती पर फटकार

## कलेक्टर गोपाल वर्मा ने निर्माणाधीन चौपाटी का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर के सरदार पटेल मैदान के सामने निर्माणाधीन चौपाटी स्थल पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने रविवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य की धीमी गति किए जाने और ठेकेदार की लापरवाही पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। कलेक्टर वर्मा ने स्पष्ट कहा कि चौपाटी निर्माण कार्य में ढिलाई अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ठेकेदार को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करें, अन्यथा प्रशासनिक कार्रवाई अनिवार्य होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाली क्षेत्रों को समतल किया जाए, पेवर ब्लॉक तत्काल लगाए जाएं और श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य में तेजी लाई जाए। कलेक्टर ने कहा कि चौपाटी शहर के सौंदर्यीकरण और जनसुविधा से जुड़ा अहम प्रोजेक्ट है, इसलिए गुणवत्ता और पारदर्शिता पर कोई समझौता नहीं होगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यह भी कहा कि निर्माण कार्यों की दैनिक मॉनिटरिंग की जाए और ठेकेदार से हर दिन की प्रगति रिपोर्ट ली जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तय समयसीमा में काम पूरा नहीं हुआ, तो ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के समय एसडीएम चेतन साहू, नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### पंडरिया शक्कर कारखाना मे केन पूजन आज

**कवर्धा।** जिले के गन्ना किसानों के लिए एक अच्छी खबर है। इसी माह से जिले के दोनों सहकारी शक्कर कारखाना में पेराई सीजन की शुरुआत होने वाली है। भोरमदेव शक्कर कारखाने में पहले ही केन की पूजा अर्चना की जा चुकी है। वहीं 10 नवम्बर को पंडरिया शक्कर कारखाना में पेराई सत्र का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा की उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना के साथ की जाएगी। भोरमदेव शक्कर कारखाना की बात की जाए तो इस सत्र 4.50 लाख एमटी तो पंडरिया कारखाना में 4 लाख एमटी पेराई का लक्ष्य रखा गया है। भोरमदेव शक्कर कारखाना के गन्ना विकास अधिकारी केके यादव ने बताया कि कारखाना क्षेत्र अंतर्गत 258 गांव में 22 हजार 358 एकड़ में गन्ना की फसल लगाई गई है। किसानों की संख्या 11 हजार 597 है। इन्हीं किसानों से गन्ना खरीदी की जाएगी। इन किसानों को जल्द ही गन्ना बेचने के लिए पर्ची जारी किए जाएंगे। इसी प्रकार पंडरिया कारखाना से मिली जानकारी अनुसार यहां भी लगभग 15 से 17 हजार एकड़ में लगे गन्ने की खरीदी की जाएगी। किसानों की संख्या 11 हजार के आसपास है। गन्ना का एफआरपी रेट 329.5 रुपए प्रति क्विंटल तय की गई है।

# स.लोहारा नपं में 2 करोड़ 11 लाख के विकास कार्य स्वीकृत

- प्रवेश द्वार, चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण, सामुदायिक भवन, खेल मैदान एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण के कार्य होंगे संपादित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स.लोहारा

उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के अथक प्रयासों तथा जनहितैषी पहल के फलस्वरूप नगर पंचायत सहसपुर लोहारा को वित्तीय वर्ष 2025-26 में अधो संरचना मद अंतर्गत विभिन्न विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए 2 करोड़ 11 लाख 8 हजार रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस स्वीकृति के बाद नगरवासियों में हर्ष की लहर व्याप्त है और जनप्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है। स्वीकृत कार्यों में नगर पंचायत के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों का सौंदर्यीकरण, जनसुविधा परिसरों का निर्माण तथा सार्वजनिक स्थलों के उन्नयन कार्य शामिल हैं। नगर में 40 लाख रुपए की लागत से दो भव्य प्रवेश द्वारों का निर्माण कराया जाएगा, वहीं वार्ड क्रमांक 11 में 25 लाख रुपए की लागत से भारत माता चौक का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसी वार्ड में 6 लाख 50 हजार रुपए की लागत से एक सामुदायिक भवन तथा 15 लाख 81 हजार रुपए की लागत से छत्तीसगढ़ महतारी चौक का निर्माण किया जाएगा। वार्ड क्रमांक 13 में 22 लाख 39 हजार रुपए की लागत से पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक का निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है, जबकि वार्ड क्रमांक 11 में 4 लाख 81 हजार रुपए की लागत से डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक का निर्माण किया जाएगा। नगर के खेल प्रेमियों के लिए भी अच्छी खबर है। वार्ड क्रमांक 11 में स्थित



खेल मैदान का उन्नयन एवं हाई मास्क लाइट लगाने का कार्य स्वीकृत हुआ है, जिस पर लगभग 46 लाख 57 हजार रुपए व्यय किए जाएंगे। नगर के व्यापारिक विकास को दृष्टिगत रखते हुए बालक प्राथमिक शाला के पीछे, पुराने पंचायत भवन के पास 30 लाख रुपए की लागत से एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय से सांस्कृतिक भवन तक 10 लाख रुपए की लागत से पाथवे निर्माण तथा पुराने तालाब के पास 10 लाख रुपए की लागत से छोटे गार्डन का निर्माण किया जाएगा।इन सभी विकास कार्यों से नगर पंचायत सहसपुर लोहारा का समग्र स्वरूप बदल जाएगा। चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण से नगर और भी आकर्षक बनेगा, वहीं नए सामुदायिक भवनों, खेल मैदान और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स से नागरिकों को नई सुविधाएँ प्राप्त होंगी। उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने कहा है कि सहसपुर लोहारा नगर पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए यह स्वीकृति एक ऐतिहासिक कदम है। हमारा लक्ष्य है कि कवर्धा विधानसभा के प्रत्येक नगर और गांव को मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए। इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से नगर की सुंदरता और जनसुविधाओं दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों ने इन सभी स्वीकृतियों पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से नगर में रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी, व्यापारिक गतिविधियां तेज होंगी और सहसपुर लोहारा का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

# कवर्धा में यूनिटीमार्च का आयोजन आज बड़ी संख्या में लोग होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 वीं जंयती के उपलक्ष्य में आज सोमवार को कवर्धा में यूनिटीमार्च का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आठ किमी की पदयात्रा निकाली जाएगी। यह आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रीय एकता में योगदान को याद करने और एक भारत, श्रेष्ठ भारत बनाने के संकल्प की याद दिलाने के लिए किया जा रहा है। जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग व मेरा युवा भारत के तत्वाधान में आयोजित उक्त पदयात्रा का शुभारंभ नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर में स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल के मूर्ति में माल्यार्पण कर किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन व क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय उपस्थित रहेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, भाजपा के ज़िलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी, कवर्धा जनपद पंचायत अध्यक्ष सुषमा गनपत बघेल, बोड़ला जनपद पंचायत अध्यक्ष बालका रामकिंकर वर्मा, पंडरिया जनपद पंचायत अध्यक्ष नंदनी साहू, सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत अध्यक्ष दुर्गा सिंह उपस्थित रहेंगे। साथ ही अन्य जनप्रतिनिधिगण, पार्टी के पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण, कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी, प्रभारी खेल अधिकारी, अन्य अधिकारीगण, मेरा युवा भारत के अधिकारी व स्वयंसेवकगण, गणमान्य नागरिकगण, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राऐं उक्त पदयात्रा में शामिल होंगे। इस यूनिटीमार्च का आयोजन नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर से प्रारंभ होकर भोरमदेव आवासीय विद्यालय महाराजपुर पहुंचेगी। जहां समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सिग्नल चौक में वीर शहीदों के प्रतिमा में माल्यार्पण किया जाएगा।

# पीएम श्री सेजेस बोड़ला में छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती साइकिल का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत पीएम श्री सेजेस बोड़ला के कक्षा नवमी में अध्यनरत बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि राम किंकर वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, नगर पंचायत बोड़ला अध्यक्ष विजय पाटिल, उपाध्यक्ष लव निर्मलकर, शाला विकास समिति अध्यक्ष पीके मिश्रा, विदेशी राम धुर्वे रूपनाथ मानिकपुरी काशीराम उईके एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थिति थे। सायकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान सभी ने छात्राओं को अच्छे से मन लगाकर पढ़ाई करने एवं मेहनत कर अपने माता-पिता गांव विकासखंड और जिला का नाम रोशन करने के मार्गदर्शन प्रदान किया।



छात्राएं नई साइकिल पाकर उत्साहित नजर आई। उन्होंने कहा शासन का यह प्रयास सुदूर अंचल से आने वाली हम सभी छात्राओं के लिए एक वरदान हैं। आवागमन सुविधा के अभाव में बहुत सारी छात्राएं पढ़ाई छोड़ देती थी, शासन के इस योजना अंतर्गत छात्राओं के लिए मार्ग प्रशस्त हुआ है। आज सभी बालिकाएं पढ़ लिख रही हैं और देश को आगे बढ़ाने में अपना विशेष योगदान दे रही हैं।

**संकुल केन्द्र चतरी में आयोजित की गई प्रतियोगिता, स्कूली बच्चों ने लिया हिस्सा**

# बाल खेलकूद प्रतियोगिता में : बच्चों ने दिखाया उत्साह




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

संकुल केन्द्र चतरी में हाल ही में संकुल स्तरीय बाल खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न शालाओं के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी, दौड़, ऊंची व लंबी कूद के साथ-साथ पारंपरिक खेल फुगड़ी का भी आयोजन किया गया था। इन सभी खेलों में स्कूली छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के समापन समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती मनीषा धुर्वे, सभापति लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जनपद पंचायत पंडरिया थीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत विचारपुर की सरपंच श्रीमती सीता श्रीवास ने की। इस अवसर पर क्षेत्र क्रमांक 6 के जनपद सदस्य सुरेश धुर्वे, ग्राम पंचायत चतरी सरपंच रामदीन लांझेकर, आगरपानी सरपंच श्रीमती जोनिहा बाई एवं संकुल प्रभारी पीएस टेकाम विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

### समाज कल्याण विभाग की ओर से जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटे गए उपकरण

खेलकूद प्रतियोगिता के उपरांत, समाज कल्याण विभाग, जनपद पंचायत पंडरिया के सौजन्य से एक सराहनीय पहल की गई। मुख्य अतिथि श्रीमती मनीषा धुर्वे के हाथों रश्मि टेकाम और विचारपुर निवासी नरेंद्र सिंह को श्रवण यंत्र तथा टकटोईया के विकलांग प्रेमसिंह धुर्वे को व्हील चेयर का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के हाथों जहां खेल प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर किया गया वहीं उपस्थित सभी लोगों को नशामुक्त जीवन जीने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का समापन सामूहिक रूप से वन्देमातरम गायन के साथ हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपसरपंच संतराम मरावी, वरिष्ठ नागरिक बलदाऊ श्रीवास, रामप्रसाद धुर्वे, जानसिंह ध्रुव ग्राम पटेल, रामचंद्र पंद्राम, जितेंद्र चंद्रवंशी के अलावा समस्त प्रधान पाठक, शिक्षकगणों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# धूमधाम से मनाई गई महर्षि कश्यप ऋषि जयंती, निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा जिले सहित पांडातराई, पंडरिया और पिपरिया नगर में महर्षि कश्यप ऋषि जयंती समारोह बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुप्ता समाज के वरिष्ठ जनों और महिलाओं ने महर्षि कश्यप के तैलीय चित्र पर पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। कवर्धा की बात की जाए तो इस समारोह का मुख्य आकर्षण 9 नवंबर को गुप्ता धर्मशाला, कवर्धा में आयोजित भव्य रैली रही। रैली का प्रारंभ सुबह 10:00 बजे किया गया। सजे धजे वाहन में महर्षि कश्यप की भव्य प्रतिमा के साथ



रैली विभिन्न मार्गों से गाजे बाजे के साथ निकाली गई। जिसमें समाज के सभी महिला, पुरूष, बच्चे, युवाओं और वरिष्ठ जनो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह रैली समाज की एकता और सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करती दिखाई दी। इस कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष प्रभात गुप्ता, सचिव महेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष बबलू गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष गीता सरन गुप्ता, दिनेश गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, ओंकार गुप्ता, गज्जू गुप्ता धीरेंद्र दानी, संदीप गुप्ता व महिला पदाधिकारी समेत कई अन्य वरिष्ठ सदस्य शामिल रहे। इन सभी ने समारोह की व्यवस्था और सांस्कृतिक समारोह के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।